GREENLAWNS SCHOOL, WORLI

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन 2020-21

कक्षा - नौवीं   पूर्णांक - 60

दिनांक - 28-9-2020   विषय - हिंदी   समय - 2 ½ घंटे

विभाग -अ (अंक -30)

भाषा -विभाग

प्रश्न 1] निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय 250 शब्दों में निबंध लिखिए :- [15]

i) अचानक आई आँधी - तूफान और बारिश में फँसने का अनुभव बताते हुए घटनाओं और गतिविधियों का जीवंत वर्णन कीजिए।

ii) ' आम के आम गुठलियों के दाम।' इस लोकोक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए।

iii) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और उसके आधार पर कोई एक घटना , कहानी या लेख लिखिए ,पर ध्यान रहे विषय का सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए :-

2] निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :- (लिफाफा आवश्यक) (7)

i) हाल ही में आप अपने मित्रों के साथ एक वृध्दाश्रम गए थे। वहाँ जाकर आपको कैसा लगा ? वहाँ पर रह रहे बुजुर्गों की स्थिति के बारे में बताते हुए अपने दादा जी को पत्र लिखिए। (अथवा)

ii) समुद्र तट पर फैली गंदगी और उसके दुष्परिणामों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए

3] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :- [8]

i) निम्न शब्दों में से किसी एक के 'दो' पर्यायवाची शब्द लिखिए : - 1. आश्रम, , 2. कंठ (1)

ii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं 'दो' के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :- (1)

1. इच्छा , 2. अज्ञ , 3. उदार , 4. आध्यात्मिक

iii) भाववाचक संज्ञा लिखिए :- 1. वृद्ध, 2. घबराना (1)

iv) अशुद्ध शब्द के शुध्द शब्द लिखिए :- 1. कुमुदनी , 2. जोत्सना (1)

v) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए :- 1.ओखली में सिर देना , 2. खबर लेना (1)

vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए : - (3)

1. चैतन्य महाप्रभु सच्चा कृष्ण के उपासक थे। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

2. फिल्म की नायिका अच्छी नर्तकी भी है। (लिंग बदलकर वाक्य पुन: लिखिए ।)

3. अब भाड़ के सिर पर कुटी बन गई थी। (भविष्यत् काल में लिखिए।)

विभाग ब (अंक - 30)

इस भाग से कुल 3 प्रश्न करने हैं।

चयनित प्रत्येक पुस्तक में से एक - एक प्रश्न लिखना अनिवार्य हैं।

संक्षिप्त – कहानियाँ (गद्य - विभाग)

4) " मनवा लेना । लातों के भूत बातों से नहीं मानते।" [10]

1) उपरोक्त कथन का वक्ता कौन है ? वह किसके बारे में किससे , क्या कह रहा है ? (2)

2) वक्ता का परिचय दीजिए। (2)

3) किसे लातों से मारने की बात की जा रही है ? उसके बारे में लिखिए। (3)

4) कहानी का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए। (3)

5) " भोला और श्यामू को धमकाकर बोले , " तुमने हमारे कोट से रूपया निकाला है ? " [10]

1) भोला और श्यामू कौन है ? वे इस समय कहाँ हैं और क्या कर रहे हैं ? (2)

2) धमकाने वाला वह व्यक्ति कौन है ? उसके क्रोध का क्या कारण था ? (2)

3) रूपया निकालने के अपराध में किसको क्या दंड मिला ? स्पष्ट कीजिए। (3)

4) 'काकी ' कहानी में लेखक ने बच्चों की किस प्रवृत्ति का चित्रण किया है ? समझाकर लिखिए । (3)

(पद्य - विभाग)

6) " काँकर पाथर जोरि कै , मसजिद लई बनाय। ता चढ़ा मुल्ला बाँग दे , क्या बहरा हुआ खुदाय।। [10]

पाहन पूजे हरि मिले , तो मैं पूजूँ पहार। ताते ये चाकी भली , पीस खाय संसार।।

सात समंद की मसि करौं , लेखनि सब बनराय। सब धरती कागद करौं , हरि गुन लिखान जाय।। "

1) कबीरदास ने ईश्वर की विशालता , श्रेष्ठता व महानता का वर्णन किस प्रकार किया है ? (2)

2) ' ताते ये चाकी भली ' पंक्ति द्वारा कबीर के व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। (2)

3) कवि का परिचय दीजिए। (3)

4) शब्दार्थ लिखिए : - लेखनि , समंद , पहार, पाहन , हरि , ताते। (3)

7) झरने अनेक झरते , जिसकी पहाड़ियों में , [10]
चिड़ियाँ चहक रही हैं , हो मस्त झाड़ियों में ।
अमराइयाँ घनी हैं , कोयल पुकारती है।
बहती मलय पवन है , तन-मन सँवारती है।
वह धर्मभूमि मेरी , वह कर्मभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी , वह मातृभूमि मेरी।

1) अमराइयाँ किसे कहते हैं ? कोयल कब पुकारती है ? (2)

2) मलय पवन से क्या तात्पर्य है ? उसका हमारे जीवन में क्या महत्त्व है ? स्पष्ट कीजिए। (2)

3) भारत को कवि ने अपनी धर्मभूमि और कर्मभूमि क्यों कहा है ? समझाकर लिखिए। (3)

4) कवि के काव्य की विशेषताएँ लिखिए। (3)

****